तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **जोराराम बनाम लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार पीपाड़ शहर)** सू.अ.अपील संख्या 82/2024	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
15–07–24	अपीलार्थी जोराराम निवासी खोजो का बास, रिया सेठा की रिया, पीपाड शहर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 12/04/2024 में ग्राम पंचायत रिया द्वारा दिनांक 19/07/2016 के अनुसार पंचायत समिति पीपाड़ शहर को ग्राम पंचायत रिया के खसरा नंबर 1475 में से 10 बीघा भूमि समर्पण के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था, समर्पण उपरांत तहसीलदार पीपाड शहर द्वारा नामांतरण हेतु दिए गए आदेश पत्र से संबधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार पीपाड़ शहर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार पीपाड़ शहर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार पीपाड़ शहर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार पीपाड़ शहर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर–ग्रामीण जिला कलक्टर जोधपुर (ग्रामीण) राज.	